नीट पीजी: NRI/OCI अभ्यर्थी भेजें दस्तावेज, अंतिम तारीख आज

एजुकेशन रिपोर्टर | नई दिल्ली

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने नीट पीजी काउंसलिंग से जुड़ा नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन उम्मीदवारों के लिए जरूरी है जो एनआरआई या ओसीआई कोटा के तहत एडमिशन लेना चाहते हैं। शिक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय द्वारा 30 जुलाई को जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर NRI कोटा के लिए पात्रता साबित करने वाले दस्तावेज मांगे गए हैं। जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों को सभी जरूरी दस्तावेज 25 अक्टूबर सुबह 10 बजे से 28 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक ईमेल (admissionrel@gmail.com) पर भेजने होंगे।

यह हैं जरूरी दस्तावेज

जरूरी दस्तावेजों में नीट पीजी एडमिट कार्ड और स्कोर कार्ड, अभिभावक/रिश्तेदार की NRI स्थिति का प्रमाण, उम्मीदवार और NRI रिश्तेदार के बीच संबंध का प्रमाण और 10वीं-12वीं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र शामिल हैं। जो समय पर दस्तावेज जमा नहीं करेंगे, उन्हें काउंसलिंग में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। अधिक जानकारी mcc.nic.in पर है।